# एनटीपीसी NTPC

# एनटीपीसी लिमिटेड

(भारत सरकार का उद्यम)

**पंजीकृत कार्यालयः एनटीपीसी भवन, कोर–7, स्कोप कॉम्पलेक्स,**
**7, इंस्टीट्यूशनल एरिया, लोधी रोड, नई दिल्ली–110 003,**
**सीआईएनः L40101DL1975GOI007966**

एनटीपीसी लिमिटेड 73,024 की स्थापित क्षमता के साथ भारत की विशालतम एकीकृत ऊर्जा कंपनी है और विद्युत उत्पादन व्यवसाय की संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में इसकी उपस्थिति है। हमारे देश की विकास की चुनौतियों के अनुरूप, एनटीपीसी ने वर्ष 2032 तक 130 गीगावाट की कुल स्थापित क्षमता प्राप्त करने की एक महत्वाकांक्षी योजना शुरू की है।

एनटीपीसी नीचे दिए गए विवरण के अनुरूप कार्बन ट्रेडिंग के क्षेत्र में अनुभवी पेशेवरों की तलाश कर रही हैः

**पद का नामः कार्यपालक (कार्बन ट्रेडिंग)–01 पद**

**अर्हताः** मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से किसी भी विषयक्षेत्र में स्नातक इंजीनियरिंग डिग्री अथवा पर्यावरणीय विज्ञान/पर्यावरणीय इंजीनियरिंग/पर्यावरणीय प्रबंधन/स्थिरता/जलवायु विज्ञान/वित्त में मास्टर डिग्री।

**अनुभव अपेक्षाः** कुल 10 वर्षों का उद्योग अथवा कन्सलटिंग का अनुभव, जिसमें से नीचे वर्णित क्षेत्रों में किसी एक अथवा अधिक में न्यूनतम 02 वर्ष का अनुभवः

- कार्बन ट्रेडिंग, कार्बन बाज़ार, कार्बन क्रेडिट्स, बाज़ार–आधारित कार्बन वित्त इंस्ट्रयुमेंट्स; कार्बन कर और उत्सर्जन ट्रेडिंग स्कीम सहित
- ईएसजी और इम्पैक्ट इन्वेस्टिंग, जलवायु वित्त रणनीतियां, जलवायु संरेक्षित निवेश, बहुपक्षीय/अंतर्राष्ट्रीय जलवायु कोष, ऊर्जा क्षेत्र में कम कार्बन और जलवायु अनुकूल परियोजनाओं का वित्तपोषण।
- कार्बन निष्पक्षता, जलवायु परिवर्तन और स्थिरता, ऊर्जा/विद्युत क्षेत्र/उद्योग के लिए डीकार्बोनाइजेशन रणनीति विकसित करना।

**ऊपरी आयु सीमाः** 50 वर्ष

**प्रतिपूर्तिः** परस्पर वार्तालाप से तय करने योग्य

**विनियोजन की अवधिः** 03 वर्ष (कार्यनिष्पादन और आवश्यकता के आधार पर आगे विस्तारयोग्य).

**चयन प्रक्रियाः** व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए अनुभव प्रोफाइल के आधार पर अभ्यर्थियों को लघुसूचीबद्ध किया जाएगा।

| पद का नाम | अनारक्षित | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | अपिव | अजा | अज जा | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कार्यपालक (कार्बन ट्रेडिंग) | 01 | – | – | – | – | 01 |

**पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थियों के लिए पहचान की गई निःशक्तता की प्रकृतिः** क) बी, एलवी ख) डी, एचएच ग) ओएच, ओएल, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी घ) एएसडी (एम), एसएलडी, एमआई ड़) एमडी (क) से (घ) सम्मिलित

**स्वास्थ्य**

अभ्यर्थी का अच्छा स्वास्थ्य होना चाहिए। कार्यभार ग्रहण करने से पहले, अभ्यर्थियों को एनटीपीसी के किसी अस्पताल में चिकित्सा जांच से गुजरना होगा और उसका निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा। स्वास्थ्य मानकों में किसी भी प्रकार की छूट नहीं दी जाएगी। विस्तृत चिकित्सा मानदंड वेबसाइट careers.ntpc.co.in पर उपलब्ध है।

## सामान्य शर्तेंः

1. केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन करने के पात्र हैं।
2. सभी अर्हताएं भारत में मान्यता प्राप्त और अनुमोदित विश्वविद्यालयों/संस्थानों से होनी चाहिए।
3. आयु/अनुभव अपेक्षा/अर्हता की सभी गणनाएं विज्ञापन में यथा वर्णित ऑनलाइन आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि के संदर्भ में की जाएगी।
4. किसी खास श्रेणी से संबंधित होने का दावा करने वाले अभ्यर्थियों के पास अनिवार्य रूप से सक्षम प्राधिकारी से एक वैध ईडब्ल्यूएस/अपिव/अजा/अजजा/असशक्तता प्रमाणपत्र, जो भी मामला हो, होना चाहिए।
5. आवश्यकता के अनुरूप, कंपनी के पास आगे बगैर कोई सूचना दिए और बगैर कोई कारण बताए, रिक्तियों की संख्या निरस्त/सीमित/कटौती/विस्तारित करने, यदि ऐसी आवश्यकता हुई, का अधिकार सुरक्षित है।
6. साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या सीमित करने के लिए, यदि ऐसा अपेक्षित हुआ, प्रबंधन के पास ऑनलाइन स्क्रीनिंग/अल्पसूचीकरण/चयन परीक्षा आयोजित करने अथवा आवश्यकतानुसार न्यूनतम पात्रता मानदंड/मापदंड बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित है।
7. तैनाती एनटीपीसी के किसी भी स्टेशन/परियोजना/संयुक्त उद्यम/सहायक कंपनियों में की जा सकती है। सभी पद प्रबंधन के विवेकाधिकार पर स्थानांतरण योग्य हैं।
8. किसी भी पद के लिए आवेदन करते समय, आवेदक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह विनिर्दिष्ट तिथियों के अनुसार ऊपर उल्लिखित पात्रता और अन्य मानदंड पूरा करता है तथा उसके द्वारा प्रस्तुत सभी विवरण/दस्तावेज पूरी तरह से सही हैं। यदि भर्ती के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि कोई उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है और/या उसने कोई गलत/झूठी जानकारी दी है या किसी महत्वपूर्ण जानकारी (तथ्यों) को छिपाया है, तो उसकी उम्मीदवारी स्वतः ही रद्द हो जाएगी। यदि उपरोक्त में से किसी भी प्रकार की कोई कमी नियुक्ति के बाद भी पाई जाती है/होती है तो उसकी सेवाएं बिना किसी सूचना के समाप्त की जा सकती हैं। किसी भी तरह की सिफारिश करने पर उम्मीदवार को अयोग्य करार कर दिया जाएगा।
9. मात्र इस तथ्य के कि उम्मीदवार ने विज्ञापन के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है और विज्ञापन में निर्धारित मानदंडों को स्पष्ट रूप से पूरा कर रहा है तो ऐसा जरूरी नहीं है कि उसे निश्चित रूप से परीक्षा/साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने/चयन प्रक्रिया के लिए आगे उस पर विचार ही किया जाएगा।
10. इस विज्ञापन और/अथवा इसके प्रत्युत्तर में किसी आवेदन को लेकर उत्पन्न दावे या विवाद के संबंध में कोई भी कार्यवाही केवल दिल्ली में संचालित की जा सकती है और केवल दिल्ली स्थित अदालतों/अधिकरणों/मंचों को ऐसे किसी मामले/विवाद की सुनवाई का पूर्ण और विशिष्ट कार्याधिकार है।
11. अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य रूपांतर को लेकर कोई अस्पष्टता/विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।

## आवेदन कैसे करें

इच्छुक उम्मीदवार आवेदन करने के लिए हमारी वेबसाइट careers.ntpc.co.in को लॉग ऑन करें अथवा www.ntpc.co.in पर कॅरिअर खंड देखें। आवेदन का कोई अन्य तरीका/पद्धति स्वीकार नहीं की जाएगी। अभ्यर्थियों के पास एक वैध ई–मेल आईडी होना चाहिए। अभ्यर्थी को प्रेषित किसी भी ई–मेल के अस्वीकृत होकर वापस लौटने पर एनटीपीसी जिम्मेदार नहीं होगा। सामान्य/ईडब्ल्यूएस/अपिव श्रेणी से संबंधित अभ्यर्थियों के लिए 300/– रू का अप्रतिदेय पंजीकरण शुल्क का भुगतान करना अपेक्षित है। अजा/अजजा/पीडब्ल्यूबीडी/भूपूसै श्रेणी और महिला अभ्यर्थियों को पंजीकरण शुल्क का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है।

**ऑफलाइन पद्धति में भुगतानः** भारतीय स्टेट बैंक को एनटीपीसी की ओर से सीएजी शाखा नई दिल्ली (कोडः 09996) में विशेष रूप से खोले गए खाते (खाता संख्या. 30987919993) में पंजीकरण शुल्क लेने के लिए अधिकृत किया गया है। उम्मीदवार को ''पे–इन–स्लिप'' के प्रिंटआउट के साथ नजदीकी एसबीआई शाखा से संपर्क करना होगा जो कि आवेदन पंजीकरण पोर्टल पर उपलब्ध है। पोर्टल से मुद्रित ''पे–इन–स्लिप'' का उपयोग केवल आबंटित खाते में राशि को उचित तरीके से जमा करने हेतु शुल्क जमा करने के लिए किया जाना चाहिए। राशि प्राप्त होने पर बैंक एक यूनीक जर्नल संख्या और धन एकत्रित करने वाले बैंक का शाखा कोड जारी करेगा। यह जर्नल नंबर और शाखा कोड उम्मीदवार द्वारा ऑनलाइन पंजीकरण के दौरान भरा जाना है। यदि कोई उम्मीदवार गलत खाते में शुल्क जमा करता है तो एनटीपीसी जिम्मेदार नहीं होगा।

**ऑनलाइन माध्यम से भुगतानः** अभ्यर्थियों के पास ऑनलाइन शुल्क का भुगतान (नेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड के जरिए) करने का विकल्प भी है। ऑनलाइन भुगतान का विकल्प ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में उपलब्ध हैं

एक बार भुगतान कर दिए जाने पर शुल्क किसी भी स्थिति में वापस नहीं किया जाएगा। अतः उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे पंजीकरण शुल्क का भुगतान करने से पहले पात्रता मानदंड की जांच कर लें। ऑनलाइन आवेदन करने के बाद उम्मीदवार को सिस्टम सृजित पंजीकरण स्लिप को यूनिक पंजीकरण संख्या के साथ डाउनलोड करना आवश्यक है। पंजीकरण स्लिप की प्रति उम्मीदवार भविष्य के संदर्भ के लिए अपने पास रख सकता है। हमें डाक से कोई दस्तावेज भेजने की आवश्यकता नहीं है।

यह ज़रूरी है कि पात्र अभ्यर्थी पद के लिए आवेदन करते समय विज्ञापन के पूर्ण पाठ को अच्छी तरह से पढ़ लें और इसमें दी गई सभी शर्तो से सहमत हों। आगे कोई परिशिष्ट/शुद्धिपत्र/अद्यतन केवल हमारी वेबसाइट में प्रकाशित किया जाएगा।

**ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथिः 09.08.2023**

**ऑनलाइन आवेदन के लिए अंतिम तिथिः 23.08.2023**

**Advt. No.- 17/23**

**विद्युत क्षेत्र में अग्रणी**

CBC 34126/12/0033/2324